कार्यक्रम • 14 वें अनुसंधान परिषद खरीफ 2023 की बैठक के दूसरे दिन तकनीकी सत्र में दी गई जानकारी

फसलों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए अनुसंधान के कार्य को पूरा करें वैज्ञानिक : वीसी

भास्कर न्यूज|पूसा

डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा के विद्यापति सभागार में चल रहे 14 वें अनुसंधान परिषद खरीफ 2023 की बैठक के दूसरे दिन तकनीकी सत्र के दौरान महाविद्यालय के अधिष्ठाताओं और अनुसंधान से जुड़े प्रधान अन्वेषकों ने अपने-अपने प्रगति प्रतिवेदन को पढ़कर कुलपति व अन्य अतिथियों को बताया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने मौजूदा सत्र को संबोधित करते हुए कहा की रिसर्च कॉउंसिल की इस बैठक में विवि के अंतरगत चल रहे सभी अनुसंधान कार्यों की गहन समीक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि कृषि वैज्ञानिक खासकर किसानों से जुड़े फसलों की समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए कृषि अनुसंधान के कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि अनुसंधान कार्य में सरकार का पैसा लगा होता है। अगर वैज्ञानिक इसे केवल खानापूर्ति के लिए करने का प्रयास करेंगे तो इसको कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सत्र के दौरान हल्दी से तेल निर्माण, मोटे अनाजों के उत्पादन, जल प्रबंधन, अरुई रोपण यंत्र, मछलियों की प्रजातियों व औषधिय मशरूम की प्रजातियों आदि के क्षेत्र में किए जा रहे अनुसंधान कार्यों एवं इसके प्रगति प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई। केंद्रीय मत्स्यकी शिक्षा संस्थान के पूर्व निदेशक डॉ. दिलीप कुमार ने मछली उत्पादन के क्षेत्र में उद्यमिता के अवसर पर चर्चा की। जूनागढ़ के नवसारी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ए आर पाठक व धारवा कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ. एमबी चेट्टी से कृषि वैज्ञानिकों ने अनुसंधान से जुड़े कई सवाल पूछे जिसका जवाब दोनो कुलपतियों ने सफलतापूर्वक दिया। मंच संचालन डॉ. सुधा नंदिनी ने किया। मौके पर निदेशक अनुसंधान डॉ. एके सिंह, सह निदेशक अनुसंधान डॉ. एस के सिंह, कुलसचिव डॉ. मृत्युंजय कुमार, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. एम एस कुंडू, निदेशक छात्र कल्याण डॉ. रंजन लायक, कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.के एम सिंह, डॉ. दयाराम, अधिष्ठाता डॉ. अम्बरीष कुमार, डॉ. उषा सिंह, डॉ. पी पी श्रीवास्तव, डॉ. डी के राय , डॉ. शंकर झा, पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. राकेश मणि शर्मा, सूचना पदाधिकारी डॉ. कुमार राज्यवर्धन सहित विवि के निदेशक अधिष्ठता वैज्ञानिक व प्रोफेसर उपस्थित थे।

14 वें अनुसंधान परिषद खरीफ 2023 की बैठक में मौजूद वैज्ञानिक।

Dainik Bhaskar 05-07-2023